# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 10.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 10.07.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई मे कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमे 04 भूमि विवाद व शेष 06 अन्य विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र थें। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 10.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

◆क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत थानाक्षेत्र सिद्धार्थनगर के डिजिटल वॉरियरों के साथ गोष्ठी की गई तथा साइबर अपराध तथा भ्रामक जानकारी से बचाव हेतु जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेशके क्रम में साइबर अपराध व भ्रामक खबर फैलाने से बचने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 10.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थानाक्षेत्र सिद्धार्थनगर के बनाए गए डिजिटल वॉरियरों के साथ गोष्ठी कर साइबर अपराध के संदर्भ मे जागरूक किया गया तथा भ्रामक जानकारी से बचाव हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान डिजिटल वॉरियर के संबंध में शासन के महत्वपूर्ण आदेशो एवं निर्देशों से अवगत कराया गया।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 10.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद मुरादाबाद में आयोजित 42वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक बैडमिंटन/टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025 में पदक विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात कर बधाई देते हुये सम्मानित किया गया।**

**आज दिनांक 10.07.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद मुरादाबाद में आयोजित 42 वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता वर्ष -2025 में पदक प्राप्त विजेता खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं उनको सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी । उक्त प्रतियोगिता दिनांक 26.06.2025 से 29.06.2025 तक जनपद मुरादाबाद में आयोजित हुई थी जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस, पीएसी, जीआरपी व रेडियो शाखा समेत कुल 13 टीमों के लगभग 300 महिला व पुरुष खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें गोरखपुर जोन की तरफ से जनपद सिद्धार्थनगर से प्रतिभाग करते हुए कुल 05 पदक प्राप्त किया जिसमे निरीक्षक सूरज नाथ सिंह ने 01 सिल्वर व 01 ब्रांज मेडल, आरक्षी चंद्रिका श्रीवास्तव ने 02 ब्रांज मेडल व आरक्षी इंद्रेश कुमार ने 01 ब्रांज मेडल प्राप्त किया।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 10.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना बांसी पुलिस द्वारा नाबालिक से दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन मे व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी के नेतृत्व में आज दिनांक 10.07.2025 को मु0अ0सं0 152/2025 धारा- 64, 333 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त को महोखवा तिराहे के आगे से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.असीजद उर्फ असजद पुत्र मोहम्मद उमर निवासी कोल्हुई थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.निरीक्षक रामनरायण दुबे थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 रामप्रकाश थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

03.का0 संदीप यादव थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 10.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना बांसी पुलिस द्वारा नाबालिक के अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी के नेतृत्व में आज दिनांक 10.07.2025 को मु0अ0सं0 148/2025 धारा-137(2)/87/64(2)(m) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त को पुराना पुल राप्ती नदी बांसी से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01.धर्मेन्द्र पुत्र राम किशुन निवासी बधेली थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01.उ0नि0 स्वामीनाथ भास्कर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

02.का0 देवान्द्र सिंह यादव थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

03.का0 हेमंत कुमार थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना बांसी पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन मे व श्री पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी के नेतृत्व में आज दिनांक 10.07.2025 को वाद संख्या 3524/2018 ,मु0अ0सं0 125/2018 धारा-147/308 भा0द0वि0 से सम्बंधित वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण-**

**01.राकेश उर्फ झिन्नू पुत्र जयकरन निवासी गांगुली इन्द्रानगर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 स्वामीनाथ भास्कर थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.का0 देवेन्द्र सिंह यादव थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.का0 हेमंत कुमार थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

**डॉ0 पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 10.07.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र बांसी में रतनसेन इण्टर कालेज, तिलक राम इण्टर कालेज, मिठवल, कस्बा बांसी, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।**

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

**01-शाइस्ता प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.महिला मुख्य आरक्षी मधु एण्टी रोमियो स्क्वायड।**

**03.महिला मुख्य आरक्षी सुनीता यादव एंटी रोमियो स्क्वायड।**

**04.आरक्षी श्रीप्रकाश चौरसिया एंटी रोमियो स्क्वायड।**

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज-5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में जनपद के भिन्न-भिन्न थानों की महिला बीट पुलिस अधिकारी/शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों में महिलाओ को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त।

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज-05 अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 10.07.2025 को मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जनपद के भिन्न-भिन्न थानों की महिला बीट पुलिस अधिकारी/शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों में महिलाओं को सुरक्षा के सम्बन्ध मे व ट्रैफिक नियम के बारे मे जानकारी दी गई तथा महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावरलाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

प्रेस नोट दिनांक 10-07-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु थाना कठेला समयमाता पर नियुक्त समस्त चौकीदारों के साथ थानाध्यक्ष कठेला समयमाता द्वारा की गई गोष्ठी, दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश।

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में सुजीत कुमार राय, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 10-07-2025 को अभय सिंह थानाध्यक्ष कठेला समयमाता द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु थाना स्थानीय पर नियुक्त समस्त ग्राम प्रहरियों को थाना स्थानीय पर बुलाकर उनके साथ मीटिंग की गई, दौराने मीटिंग समस्त ग्राम प्रहरियों को उनके कार्यक्षेत्र उनके अधिकारों तथा अन्य दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। थानाध्यक्ष द्वारा चौकीदारों के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा भी की गई तथा चौकीदारों को पुलिस विभाग के रीढ़ की हड्डी तथा पुलिस विभाग की नीव की संज्ञा देकर उनके मनोबल को बढ़ाया गया। थानाध्यक्ष द्वारा समस्त चौकीदारों से बारी बारी करके उनके गांव की आबादी, उनके गांव में रहने वाले दुष्ट प्रवृत्ति के व्यक्तियों/हिस्ट्रीशीटरो आदि के संबंध में गहनता से जानकारी ली गयी।

**प्रेस नोट दिनांक 10.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

***◆*थाना कपिलवस्तु पर आगामी त्यौहार श्रावण मास को लेकर ग्राम प्रधान/धर्मगुरु/सम्भ्रांत व्यक्तियों/डीजे संचालकों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी किया गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में तथा मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं बृजेश सिंह, थानाध्यक्ष कपिलवस्तु के द्वारा आज दिनांक 10.07.2025 को थाना स्थानीय पर ग्राम प्रधान/धर्मगुरु/सम्भ्रांत व्यक्तियों/डीजे संचालकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। उच्चाधिकारीगणो से प्राप्त आगामी त्यौहार से सम्बंधित आदेशो/निर्देशो का पालन करने हेतु अपील किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 10.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆**जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

◆**आमजन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 10.07.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।**